न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, खाजूवाला जिला बीकानेर

पीठासीन अधिकारी :– मिथलेश कुमार आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :–114/20

क्रमांकःएसडीओ/खाजू/20/ दिनांक 24.12.2020

संशोधन आदेश

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार राजस्व खाजूवाला रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी रमेशकुमार पुत्र हेतराम जाति बिश्नोई निवासी चक 4 केजेडी खाजूवाला के चक 4 केजेडी के मु0नं0 61/60 के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम रमेशचन्द्र दर्ज रिकार्ड है। जबकि प्रार्थी का सही नाम रमेशकुमार है जिसे प्रार्थी शुद्ध करवाना चाहते है। प्रार्थी ने उक्त प्रार्थना पत्र में दस्तावेज स्वरूप ग्राम पंचायत 3 पीडब्ल्यूएम द्वारा रमेश कुमार नाम की तस्दीक व इसी नाम की जमाबंदी 4 केजेडी मु0नं0 61/61 भी पेश की है, अन्य पहचान दस्तावेज आधारकार्ड,राशनकार्ड,मूलनिवास, वोटरलिस्ट आदि पेश किये जिनमें प्रार्थी का नाम रमेशकुमार ही दर्ज है। अतः रिकार्ड दस्तावेज के अवलोकन एवं तहसीलदार की रिपोर्ट मुताबिक प्रार्थी का नाम रमेशकुमार शुद्ध किया जाकर रमेशचन्द्र की जगह रमेशकुमार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश तहसीलदार राजस्व खाजूवाला को दिये जाते है एवं शेष प्रविष्टिया यथावत रहेगी।

(मिथलेश कुमार),
(आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
(खाजूवाला)

Signature Not Verified

Digitally signed by Mithlesh Kumar
Date: 2021.01.06 20:28:23 IST
Reason: SelfAttested